# यूपी में 660 मेगावाट की बिजली इकाई इसी माह शुरू होगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी पर आधारित जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट की 660 मेगावाट की पहली यूनिट से इस महीने के अंत तक बिजली का कामर्शियल उत्पादन शुरू होगा। 660 मेगावाट क्षमता की दूसरी यूनिट से भी फरवरी 2024 से बिजली का उत्पादन शुरू करने की तैयारी है। जवाहरपुर पावर प्लांट से पैदा की जाने वाली 100 फीसदी बिजली उत्तर प्रदेश को मिलेगा। इस प्लांट के उत्पादन से जुड़ने से प्रदेश बिजली की उपलब्धता में आत्मनिर्भरता की तरफ आगे बढ़ेगा।

जवाहरपुर पावर प्लांट पर्यावरण मानक के अनुरूप तैयार किया गया है। यह जीरो लिक्विड डिस्चार्ज से

### दूसरी इकाई फरवरी से

- जवाहरपुर पावर प्लांट की पहली यूनिट से इसी महीने शुरू हो जाएगा उत्पादन
- जवाहरपुर की दूसरी इकाई से फरवरी 2024 में शुरू होगा बिजली उत्पादन

युक्त होगा। इस प्रोजेक्ट की लागत 12320 करोड़ रुपये है। इन दोनों यूनिटों से बिजली उत्पादन शुरू हो जाने पर राज्य की अपनी बिजली उत्पादन क्षमता में 1320 मेगावाट का इजाफा हो जाएगा। इसे राज्य की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इस पावर प्लांट का काम शुरू होने के बाद कोरोना महामारी तथा अन्य



कारणों से निर्माण में बाधा आई अन्यथा इस प्लांट से बिजली का उत्पादन पहले ही शुरू हो गया होता।

जवाहरपुर प्लांट के साथ ही ओबरा में निर्माणाधीन ओबरा-सी 660 मेगाववाट क्षणता की नए थर्मल पावर प्लांट से भी जल्द ही बिजली का उत्पादन शुरू करने की तैयारी है। जवाहपुर पावर प्लांट का ऐशडक्ट, प्लांट तक कोयला ले जाने के लिए



"जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट से कामर्शियल बिजली उत्पादन शुरू करने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। दिसंबर के अंत में 660 मेगावाट की पहली यूनिट से और फरवरी 2024 में 660 मेगावाट की दूसरी यूनिट से बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। -**महेश कुमार गुप्ता**, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा

24 किमी. लंबी रेललाइन, रेलवे सायडिंग, कन्वेयर बेल्ट, कूलिंग टावर, जेनरेटर, कंट्रोल रूप सब बनाए जा चुके हैं, इनका परीक्षण भी किया जा चुका है। जवाहरपुर प्लांट को शहरपुर, जमरपानी कोल ब्लाक तथा ब्रिज लिंकेज कोल इंडिया से कोयला मिलेगा। निचली गंगा से 38 क्यूसेक पानी प्लांट को मिलेगा।

दिसंबर के अंत में कामर्शियल उत्पादन से जुड़ने वाले प्लांट को ग्रिड से जोड़ने के साथ ही कोल फायरिंग कर उत्पादन का परीक्षण किया जा चुका है। वहीं फरवरी 2024 में कामर्शियल उत्पादन शुरू करने वाले दूसरे प्लांट का बायलर व टर्बाइन तैयार कर सिंक्रोनाइज करने की तैयारी है। इस प्लांट से बिजली उत्पादन शुरू करने के लिए कोल फायरिंग करने की तैयारी चल रही है।